हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

## प्रदर्शन: शिक्षकों ने दिया धरना, रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

# वेतन विसंगति को लेकर आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वेतन विसंगति, क्रमोन्नति, पदोन्नति, पूर्व सेवा गणना, 20 वर्ष की सेवा अवधि में पूर्ण पेंशन, केन्द्र की देय तिथि से महँगाई भत्ता की मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय निर्देश पर जिला में कार्यरत समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग सामूहिक अवकाश लेकर जिला इकाई महासमुन्द द्वारा स्थानीय लोहिया चौक में भारी संख्या में उपस्थित होकर धरना प्रदर्शन किया। बाद नेहरू चौक, कचहरी चौक, बरोंडा चौक से होते हुए कलेक्ट्रेट एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुँचकर डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार खांडे एवं जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। जिला के कई स्कूलों में पूर्ण तालाबंदी की स्थिति रही।


जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन का नेतृत्व जिला संचालक दिनेश नायक एवं नारायण चौधरी ने किया तथा प्रदेश सह संचालक सुधीर प्रधान, सिराज बख्श, ईश्वर चंद्राकर, शोभा सिंहदेव, राजाराम पटेल, पूर्णानंद मिश्रा, राजेश प्रधान, केशवराम साहू, बीपी मेश्राम, अर्चना तिवारी एवं ब्लॉक संचालक बाबूलाल ध्रुव, राजेश साहू, प्रकाश बघेल, विनोद यादव, सदानंद भोई, महेन्द्र चौधरी, शरण दास, गजेंद्र नायक, मनोज राय, ललित साहू जिला सह संचालक दुर्वासा गोस्वामी, सादराम अजय, नंदकुमार साहू, उषा चन्द्राकर, विजय प्रधान, लालजी साहू, पुष्पलता भार्गव, प्रदीप वर्मा, आत्माराम साहू विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे।



धरना प्रदर्शन का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वक्ताओं ने अपने अपने उद्बोधन में सरकार से अपनी अपनी दुख एवं व्यथा को बताकर उक्त पांचों माँगों के निराकरण के लिए आग्रह किया। पदाधिकारियों ने कहा कि संविलियन के पश्चात वेतन विसंगति के कारण प्राथमिक स्कूलों में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए शिक्षा शुभारंभ करने वाले सहायक शिक्षकों को भारी आर्थिक क्षति हो रही है। इसलिए वेतन विसंगति को प्रमुखता से दूर किया जावे। संविलियन पश्चात पूर्व सेवा की गणना, शिक्षा विभाग में मिलने वाली सुविधाएं जैसे पुरानी पेंशन, अवकाश नगदीकरण, ग्रेज्युटी, पदोन्नति, क्रमोन्नति पर सीधा सीधा वार हो रहा है। इससे 3 दशक से एक ही पद पर कार्यरत शिक्षक एलबी संवर्ग न तो पदोन्नति का लाभ ले पा रहा है और न ही क्षतिपूर्ति के रूप में क्रमोन्नत वेतनमान दी जा रही है और 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण न होने के कारण कई शिक्षक एलबी संवर्ग पुरानी पेंशन योजना से वंचित ही रहे हैं। महंगाई सूचकांक के आधार पर केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता प्रतिशत में समय समय पर बढ़ाया जाता है। राज्य सरकारें भी इसी आधार पर अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देते हैं। वर्तमान सरकार के घोषणा पत्र में वेतन विसंगति को दूर करने, क्रमोन्नत वेतनमान देने तथा केंद्र की देय तिथि से महंगाई भत्ता जारी करने के बिंदु वर्णित हैं। परंतु, पूर्ववर्ती सरकार की राह में चलते हुए वर्तमान सरकार भी केंद्र की देय तिथि से महंगाई भत्ता न देकर इस भीषण महंगाई के दौर में कर्मचारियों की आर्थिक हितों पर तुषारापात कर रही है। अपने पांच सूत्रीय माँगों के निराकरण के लिए प्रदेश के शिक्षक एलबी संवर्ग ने छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा बनाकर सड़क की लड़ाई का शंखनाद कर दिया है। अगले क्रम में विधायकों एवं सांसदों को माँगों से सविस्तार अवगत कराते हुए ज्ञापन दिया जाएगा। पंचम चरण में पूर्व सेवा गणना मिशन के तहत प्रदेश के 146 विकासखंडों में धरना रैली कर ज्ञापन दिया जाएगा तथा षष्टम चरण में संचालनालय से मंत्रालय तक पैदल मार्च कर मांगो की ज्ञापन दिया जाएगा। इतने में भी बात नहीं बनी तो उग्र से उग्र आंदोलन किया जाएगा। रैली में मांगों के समर्थन में हजारों शिक्षकों ने अपने माँगों के समर्थन में खूब नारेबाजी की।

### धरना प्रदर्शन में यह रहे मौजूद

धरना प्रदर्शन में डिकेश्वर साहू, कौशल साहू, नरेश पटेल, सुशील प्रधान, खिलावन वर्मा, गणेश राम चौहान, खोशील गेंद्रे, योगेश्वर साहू, वीरेंद्र नर्मदा, लवकुमार निर्मलकर, कौतुक पटेल, मुनिया निर्मलकर, यामिनी साहू, विजय साहू, दमयंती कौशिक, लोचन साहू, विकास साहू, दीपाली वर्मा, जगदीश सिन्हा, दिनेश प्रधान, लोरिश कुमार, रेहाना बानो, मनीष अवसरिया, हीरा लाल चौहान, देवेंद्र चंद्राकर, योगेश बढ़ाई, गौरीशंकर पटेल, उमेंद्र साहू, लक्ष्मण दास मानिकपुरी, रोशन भोई, पवन यादव, राधेश्याम पटेल, प्रदीप कर, पवन साहू, सालिकराम साहू, डोलामनी साहू, विष्णु जागृति, अनूप नायक, सोमनाथ चौहान, कैलाशचंद्र पटेल, नरेश बारीक, वारिश कुमार, उर्मिला मिश्रा, रामाकांति दास, कौशिल्या चौहान, हीराधर साव, खेमिन साहू, हेमिन ठाकुर, आशीष साहू, आशीष देवांगन सहित हजारों की संख्या में शिक्षक साथी उपस्थित हुए। धरना प्रदर्शन का समापन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय महासमुंद में किया गया। कार्यक्रम का संचालन मोर्चा के जिला सचिव दुर्वासा गोस्वामी एवं नंदकुमार साहू ने किया तथा उक्ताशय की जानकारी मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।






**खबर संक्षेप**



## दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने पर दिया गया जोर

**महासमुंद।** समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में दिव्यांगों की सामाजिक सुरक्षा और समावेशी वातावरण निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। साइटसेवर्स इंडिया और स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से एक बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाना और उनके लिए एक सुविधाजनक एवं समावेशी वातावरण तैयार करना था। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, समाजसेवी और विभिन्न सरकारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया और दिव्यांगों की सुरक्षा, उनके अधिकारों, और उपलब्ध सेवाओं पर गहन चर्चा की। बैठक का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देने और उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना था। समाज कल्याण विभाग ने इस अवसर पर दिव्यांग-अनुकूल नीतियों के क्रियान्वयन पर जोर दिया और इस बात पर ध्यान केंद्रित किया कि उन्हें समाज में सम्मान और अवसर मिले। सरकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाने और दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों और समाजसेवियों ने दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं और चुनौतियों को समझने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान सहायक संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने नशा मुक्त भारत अभियान का उल्लेख करते हुए सभी अधिकारियों और स्वयंसेवी संस्थाओं से अपने क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

### राहत : वर्षा ऋतु के बाद निर्माण कार्य में आई तेजी

# गौरव पथ निर्माण में डामरीकरण होने के बाद धूल से मिली निजात



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली**

नगर में निर्माणाधीन गौरव पथ का निर्माण वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद निर्माण एजेंसी द्वारा अब तेजी से निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। वर्षा ऋतु के कारण 4 माह तक निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न होने के कारण अपेक्षित रूप से कार्य में तेजी नहीं आ पा रही थी। घंटेश्वरी मंदिर से पुराना पेट्रोल पंप लगभग 2 किलोमीटर तक गौरवपथ के दोनों तरफ लगभग पहला बेस डामरीकरण कर दिया गया है। डामरीकरण कर दिए जाने से नगर की आधी आबादी को अब धूल से मुक्ति मिल गई है तो वहीं इसका सीधा फायदा आसपास के व्यापारियों व वाहन चालकों को भी मिल रहा है।

घंटेश्वरी मंदिर से बैतारी चौक की दूरी 6.50 किलोमीटर है। गौरवपथ के दोनों तरफ नालियों का निर्माण होना था, जो लगभग 70 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। 3529.98 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे इस गौरव पथ को 18 माह के समय सीमा के तहत 5 अप्रैल 2025 तक पूर्ण किया जाना है। वर्तमान में घंटेश्वरी मंदिर से पुराना पेट्रोल पंप तक दोनों तरफ नालियों का व डिवाइडर का निर्माण पूर्ण कर लाया गया है। पोल शिफ्टिंग का कार्य भी लगभग पूर्णता की ओर है। नए विद्युत खंभे लगने के बाद 60 वर्षो से लगे खंभों व तारो से छुटकारा मिलेगा तो वही लंबे विद्युत खंभे लगने के कारण विद्युत तार भी अब पहले की अपेक्षा काफी ऊपर हो जाने से परेशानियों से छुटकारा मिल सकेगा। नए तार लग जाने से बार बार तारों के टूटने की समस्याओं से भी लाभ मिलेगा। बिजली विभाग द्वारा इन खंभों में तार लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इन 2 किलोमीटर तक डामरीकरण के प्रथम लेयर का कार्य 90 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें अभी 2 लेयर डामरीकरण और किया जाना है। डामरीकरण हो जाने से सड़क निर्माण के दौरान होने वाली परेशानियों व धूल के गुब्बारों से भी नगरवासियों को काफी राहत मिल गई है। वर्तमान में अभी धनतेरस व दीपावली का बहुत बड़ा त्योहार है। इन त्योहारों में खरीदी बिक्री की मांग बढ़ जाती है तो वहीं ग्रामीण व आसपास के नगरों से भी व्यवसायी व खरीददारों की आमद नगर में बढ़ जाती है। जिससे नगर में काफी भीड़ होने के कारण यातायात भी काफी हद तक प्रभावित होता है। त्योहारों के सीजन को ध्यान में रखते हुवे नगर का प्रमुख व्यवसायिक व भीड़भाड़ रहने वाला क्षेत्र पुराना पेट्रोल पंप से नई मंडी तक रहता है। यहां दीपावली के इस त्योहारी सीजन में व्यवसाय, व्यवसायियों व ग्राहकों को दीपावली में किसी प्रकार की समस्या व विध्न उत्पन्न न हो इसे देखते हुए गौरव पथ का निर्माण इस स्थान पर अस्थाई तौर पर रोक दिया गया है। दीपावली त्योहार के बाद इस छूटे स्थानों पर तेजी से निर्माण कार्य किया जाएगा। अभी इन शेष दिनों में नई मंडी से बैतारी चौक तक के कार्यों को पूर्ण किए जाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं घंटेश्वरी मंदिर से पुराना पेट्रोल पंप के बीच छूटे व शेष बचे टुकड़ों पर भी निर्माण कर इसे पूर्ण किया जाएगा।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सर्विस रोड व नाली निर्माण के लिए इस निर्माण कार्य के जद में आने वाले पेड़ों की कटाई नहीं हो पाने व यत्र तंत्र पड़े वाहनों व सामग्रियों को नहीं हटाए जाने के कारण इसके निर्माण में बेवजह विलंब हो सकता है। नगरवासी व व्यवसायी चाहते हैं कि नगरपथ का निर्माण अतिशीघ्र हो सके। ताकि, सुरक्षित व सुगम यातायात व्यवस्था के साथ सुचारू रूप से नियमित व्यवसाय भी चलते रहे।

# लंबित प्रकरणों का समय सीमा में करे निराकरण : सीएमओ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

- नपा सीएमओ ने ली विभाग प्रमुखों की बैठक, स्वच्छता का निरीक्षण कर प्रतिदिन रिपोर्ट देने के निर्देश



मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पांडेय बुधवार को पालिका के विभाग प्रमुखों की बैठक ली। बैठक में स्वच्छता एवं अन्य बिंदुओं पर जानकारी लेकर संबंधित विभाग प्रमुख को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जनसुनवाई के लंबित प्रकरण, समय सीमा की बैठक प्रकरण एवं न्यायालय के लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए तथा अत्यधिक लंबे समय से लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रकरणों की जानकारी लेकर समय सीमा में कार्य करने निर्देशित किया। बैठक में स्वच्छता को लेकर चर्चा करते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण के प्रत्येक घटक के लिए नियुक्त किए गए प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि प्रतिदिन निरीक्षण करें और स्वच्छता के प्रत्येक घटक की रिपोर्ट तैयार करें। प्रतिदिन सुबह निरीक्षण कर डेली रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

बैठक में प्रमुख रूप से कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा,उप अभियंता दिलीप कश्यप, अमन चंद्राकर, स्थापना प्रभारी अन्नपूर्णा पाल, राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर, लेखा प्रभारी करण कुमार यादव, जल विभाग के सीता राम तेलक, आवास योजना के लोकरंजन साहू, स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक नीतू प्रधान, नौशाद बक्श आदि उपस्थित थे।

## विभिन्न ग्रामों में लगभग 43 करोड़ के निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृतिः सरला

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली**



छत्तीसगढ़ शासन के राज्य महिला आयोग के सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सरायपाली विधानसभा के विभिन्न ग्रामों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने 43 करोड़ की निर्माण कार्य की स्वीकृति दी है। जिसमें सिंघोडा जलाशय मरम्मत कार्य 4 करोड़, डंगनिया जलाशय निर्माण 5 करोड़, जंगलबेडा जलाशय व्यपवर्तन 5 करोड़, लमकेनी जलाशय 6 करोड़, चंडीभौना जलाशय व्यपवर्तन 8 करोड़, सुरंगी नाला किसड़ी में एनीकट 4 करोड़, लातनाला गहनाखार में एनीकट 4 करोड़, सुरंगी नाला अन्तर्ला में व्यपवर्तन के लिए 4 करोड़, सुखापाली जलाशय पुर्ननिर्माण कार्य 3 करोड़ शामिल है। सरला कोसरिया ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि सरायपाली क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधा अथवा विकास कार्य के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। हर संभव मदद मिलती रहेगी क्योंकि, प्रदेश में मोदी की गारंटी और विष्णुदेव का सुशासन वाली डबल इंजन की सरकार चल रही है। मेरी प्राथमिकता क्षेत्र में जनता की समस्याओं को दूर करने और विकास पथ पर अग्रसर रहने सदैव तत्पर रहूंगी।

## महाविद्यालय में उपस्थित होकर 26 तक विषय का चयन करें स्वाध्यायी विद्यार्थी : अनुसुइया

**महासमुंद।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के आदेशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए स्वाध्यायी विद्यार्थी नीति 2024 का अनुमोदन किया गया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने बताया कि स्वाध्यायी विद्यार्थी से तात्पर्य नियमित रूप से प्रवेश न लेकर स्वाध्यायी (सेल्फ स्टडी) के रूप में अध्ययन करते हैं और परीक्षाओं में शामिल होते हैं उन्हें स्वाध्यायी विद्यार्थी के रूप में मान्य किया जाता है। एनईपी - 2020 के अंतर्गत स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए स्नातक पाठ्यक्रम, विश्वविद्यालय के अध्यादेश 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के अनुसार अध्यादेशित होंगे। सभी राजकीय विश्वविद्यालयों एवं शासकीय महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने के कारण एकरूपता लाने के लिए स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए नीति लागू किया गया है। डॉ ईपी चेलक एनईपी प्रकोष्ठ के संयोजक ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने विषय का चयन नहीं किया है वे अनिवार्य रूप से महाविद्यालय में उपस्थित होकर मार्गदर्शन उपरांत विषय का चयन कर लें। विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों की सहमति उपरांत विषय चयन की सुविधा 21 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक रखी गई है। विषय चयन करने से विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरते समय विषय संबंधित किसी भी प्रकार की शंका नहीं रहेगी। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने केवल अपना पंजीयन विश्वविद्यालय से किया है उनको महाविद्यालय आकर विषय चयन करना अनिवार्य है।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नारी शक्ति व अन्य विषय को लेकर हुई यादव समाज की बैठक



**सरायपाली।** फुलझर राज झेरिया यादव समाज के तहसील अध्यक्ष कैलाश यादव के नेतृत्व में सामाजिक बैठक हुई। इसमें समाज के विकास से संबधित विषय में चर्चा की गई। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सामुदायिक भवन, नारी शक्ति एवं अन्य सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से फुलझर राज केंद्र के संरक्षक मनीराम यादव, मनोज यादव (संरक्षक), सर्व यादव समाज के (अध्यक्ष) विजय यादव, विक्रम यादव (संयोजक), फकीर यादव ( उपाध्यक्ष), वीरेंद्र यादव (सचिव), रिकीं यादव (अध्यक्ष), कंचन यादव (सचिव), दुर्पति यादव, हेमलता यादव, सुरूति यादव, भुजबल यादव, राजू यादव, दरस यादव, संतोष यादव, मदमिनी यादव, भुसी यादव, सुशीला यादव, राधिका यादव, हिरामोती यादव, दुलेरिन यादव, अनिल यादव, कृष्ण यादव, परदेशी यादव रूकमणी यादव, दयाराम यादव, शिवानी यादव, सावित्रि यादव आदि उपस्थित रहे।

# आमाकोनी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा**

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमाकोनी में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के सौजन्य से संपन्न हुआ।

आमाकोनी स्थित विश्राम गृह में आयोजित इस नेत्र जांच शिविर में श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल की टीम ने अपनी निशुल्क सेवाएं दी। जिनके द्वारा ग्रामीण जनों की आंखों की सामान्य जांच, चश्मे के नंबर की जांच और मोतियाबिंद की जांच की गई। इस दौरान उपस्थित ग्रामीण जनों को विधायक द्वारिकाधीश यादव ने संबोधित भी किया।



### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर प्रमुख रूप से बागबाहरा शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, खोमेश साहू सेवाराम साहू चंदूलाल साहू कोमल महानंद रामराज चौबे पारस सोनवानी आसाराम मोंगरे, बलिराम साहू सुखरू राम साहू चैन सिंह ध्रुव मनु चक्रधारी राजेश चक्रधारी कार्तिक चक्रधारी माखन चक्रधारी प्रकाशचक्रधारी, राजेश सिंह ढेलू राम यादव रामजी ध्रुव सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक गण एवं निशुल्क नेत्र जांच शिविर का लाभ उठाने के लिए पहुंचे हुए ग्रामीण जन माताएं बहने उपस्थित रही।

### चश्मे के लिए नहीं पड़ेगा भटकनाः यादव



विधायक द्वारिकाधीश यादव ने बताया कि नेत्र शिविर के पश्चात चश्मा के लिए भी इन मरीजों को भटकना नही पड़ेगा। उन्होनें बताया कि मरीजों को चश्मा भी उनके द्वारा निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 &7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

### विभिन्न गतिविधियों ने छात्रों ने लिया उत्साह से हिस्सा

# जूनियर रेडक्रॉस जंबूरी में जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

भारती विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस जंबूरी में जिले ने अनेक गतिविधियों में हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि 18 से 22 अक्टूबर तक रेडक्रॉस जंबूरी दुर्ग में आयोजित किया गया। जिसमें जिला संगठक रेडक्रॉस अशोक गिरि गोस्वामी एवं सामाजिक प्रेरणास्त्रोत विश्वनाथ पाणिग्रही एवं जिला शिक्षा अधिकारी एमएल सावंत के मार्गदर्शन में जिला टीम में पुरुष काउंसलर के रूप में दिनेश कुमार साहू, जिला सचिव जूनियर रेडक्रॉस महासमुंद एवं महिला काउंसलर विनीता अंजलि दीवान की अगुवाई में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़ईपाली के 8 बालिका एवं शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द के 8 बालकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में टीम ने प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण में हिस्सा लिया।



साथ ही विभिन्न साहसिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जिले द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, फूड प्रदर्शनी, फर्स्ट एड प्रतियोगिता, लोकगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड एवं प्रदर्शनी, निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता क्विज कंपीटिशन, अंताक्षरी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदर्शनी के अंतर्गत महासमुंद जिले की विशेष जानकारी के साथ-साथ प्रत्येक विकासखंड की संपूर्ण जानकारी को प्रस्तुत किया गया। इस प्रतियोगिता में महासमुंद को रंगोली प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जिसमें वृक्ष की कटाई एवं भ्रुण हत्या को समेकित कर विशेष रंगोली तैयार किया गया था। साथ ही हस्तकला में विद्यार्थियों द्वारा छिंद के पौधे के पत्तियों से विशेष आर्ट रूप देकर कला का प्रदर्शन किया गया और दोनों श्रेणियों में राज्य में जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसके साथ ही जिले के माध्यम से स्वच्छता एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान का विशेष प्रदर्शन किया गया। साथ ही झांकी में जूनियर रेडक्रॉस की विभिन्न कर्तव्यों का प्रदर्शन किया गया। विशेष तौर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में टीम महासमुंद द्वारा एक गांव का और एक किसान की झलक को दर्शाकर बहुत ही भव्य नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसे राज्य के सभी जिलों द्वारा विशेष सराहना प्राप्त हुआ। जंबूरी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका रहे।

साथ ही विशेष अतिथि के रूप में एमके राऊत रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर एवं भारतीय रेड क्रॉस छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष अशोक अग्रवाल रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर थे। राज्यपाल के साथ हर जिले के दो बच्चों को चाय नाश्ते पर चर्चा करने का अवसर प्रदान किया गया, जो कि कार्यक्रम के विशेष चर्चा का विषय रहा। इस कार्यक्रम में अश्व दल द्वारा प्रदर्शन किया गया। नारायणपुर के प्रसिद्ध मलखम टीम ने भी प्रदर्शन किया गया और जादू बस्तर रॉक बैंड का विशेष प्रदर्शन रहा। इस जंबूरी कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्राथमिक सहायता के साथ-साथ विभिन्न मानसिक रोग विशेषज्ञ द्वारा पढ़ाई संबंधी अनेक मार्गदर्शन दिया गया। मनोरोग विशेषज्ञ द्वारा नशामुक्ति के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही खैरागढ़ विश्वविद्यालय के विभिन्न कलाकारों के द्वारा विद्यार्थियों को नृत्य एवं गायन का प्रशिक्षण दिया गया।

इसके अलावा पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग द्वारा यातायात एवं कानूनी विषय की संपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया। वर्तमान में एआई को विस्तार को समझकर इसकी उपयोगिता को समझाया गया। साथ ही साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के सांस्कृतिक धरोहरों का प्रस्तुतीकरण विशेष रहा। इसी प्रकार प्रत्येक जिले को अलग-अलग स्थान का भ्रमण कराया गया, जैसे मैत्री गार्डन और भिलाई इस्पात संयंत्र आदि का भ्रमण कराया गया। उक्त जानकारी दिनेश साहू काउंसलर्स ने दी है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



14 ऑनलाइन ठगी की दी जानकारी आत्मरक्षा...





14 छात्रों ने लगाई हटरी, सामान बेचकर मिले पैसों को...









## खबर संक्षेप



### जीजा-साले के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** जिले के ग्राम टेमरी में तीन लोगों द्वारा जीजा-साले से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बलौदा पुलिस को प्रार्थी डिलेश्वर बरिहा पिता बुड़ू बरिहा (39 वर्ष) टेमरी ने बताया कि 23 अक्टूबर को वह अपने साले संतलाल गेर्रा चौक के पास बैठा था। इस दौरान गांव के कमलेश सिदार को केला का 20 रुपए लौटाने कहा तो पैसा नहीं होने की बात कही। बाद में ग्राम टेमरी के प्रकाश कुमार उर्फ महतो, आकाश कुमार, रोहित कुमार आकर तुम गाली दे रहे हो कहकर गाली गलौज कर दोनों के साथ मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2)- बीएनएल के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** झालखम्हरिया के ढाबा में एक व्यक्ति के कब्जे से पुलिस ने देशी प्लेन शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि झालखम्हरिया में अनुराधा ढाबा का संचालक अपने ढाबे व उसके बगल के मकान में अवैध शराब को भंडारण कर छिपा कर रखा है, और उसकी बिक्री करता इसके बाद स्टाफ के साथ मिलकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ढाबा संचालक पुलिस पार्टी को आता देख भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम नेहरू देवांगन पिता पुनूराम देवांगन (37 वर्ष) निवासी परसदाकला, फिंगेश्वर जिला गरियाबंद का होना बताया। वहीं संदेही के ढाबा व ढाबा के बंद कमरे की तलाशी के दौरान नेहरू देवांगन के कब्जे से 35 पौवा प्लेन देशी शराब व ढाबा काउंटर के पास से 5 पौवा प्लेन देशी शराब कीमत 3200 रुपए और बिक्री रकम 700 रुपए जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## सड़क चौड़ीकरण के लिए इंतजार होगा खत्म, आवागमन होगा सुगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में बरोंडा चौक से लेकर कलेक्टर बंगला से कुछ दूर आगे तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 10 करोड़ रुपए की प्रशासकीय पहले ही मिल चुकी है। इस मार्ग के लिए इसी महीने टेंडर प्रक्रिया को पूरी किए जाने की तैयारी है। बता दें कि बीटीआई रोड 7 मीटर का है तथा सड़क संकरी होने के कारण बरोंडा चौक से भाजपा कार्यालय के पहले तक वाहन चालकों को परेशानी होती है। चौड़ीकरण के बाद यह सड़क 10 मीटर की हो जाएगी।

लोक निर्माण विभाग ने सालभर पहले से इसके लिए प्लान तैयार किया जिसकी स्वीकृति हाल ही में मिली। टेंडर होने के बाद एक साल के भीतर यह सड़क बन जाएगी। इसके अलावा जिले में पीडब्ल्यूडी की कई सड़कों की मरम्मत की जाएगी। इसी तरह महासमुंद से तुमगांव रोड का भी चौड़ीकरण प्रस्तावित है। पीडब्ल्यूडी ईई एसके नेताम ने बताया कि बरोंडा चौक से 2.3 किमी तक सड़क चौड़ीकरण होगा। टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। अक्टूबर में ही इसकी प्रक्रिया पूरी हो जायेगी।

### इसी महीने टेंडर प्रक्रिया को पूरी करने कोशिश की जा रही

#### एक किमी होगा फोरलेन

महासमुंद से तुमगांव तक सड़क का चौड़ीकरण होगा। शहरी क्षेत्र में 1.1 किमी तक फोरलेन बनाया जाएगा। इसके लिए 28 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। सड़क करीब 12 मीटर चौड़ी होगी। वर्तमान में तुमगांव रोड पर कई घुमावदार मोड़ हैं। यहां पर कई हादसे हो चुके हैं। मोड़ों को सीधा करने के बाद इसे बनाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक ओवरब्रिज उतरने के बाद से पेट्रोल पंप तक फोरलेन बनाया जाएगा। फिलहाल, इस सड़क की भी टेंडर प्रक्रिया चल रही है। महासमुंद से सिरपुर और सरायपाली तक जाने के लिए लोग इसी मार्ग का उपयोग करते हैं।



#### गड्ढों से हो रही दिक्कत

तुमगांव रोड बदहाल हो गया है। बारिश के बाद से गड्ढों की संख्या और बढ़ गई है। बीच-बीच गड्ढों को समतल किया गया था। लेकिन, वाहनों की आवाजाही से फिर सड़क खराब हो गई। मंगलवार को बेमचा के कुछ लोगों ने कलेक्टर जनचौपाल में आवेदन देकर सड़क मरम्मत की मांग की थी। लोगों ने बताया कि ओवरब्रिज के बाव से सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इससे रात में सफर करना खतरे से खाली नहीं है। खासकर गुलशन चौक से बेमचा मंदिर तक सड़क ज्यादा खराब है। मार्ग पर स्ट्रीट लाइट नहीं होने के कारण वाहन चालकों की मुसीबतें बढ़ जाती हैं।

#### सात साल से इंतजार

तुमगांव रोड से तुमाडबरी तक दो किमी की पक्की सड़क सात साल बीत जाने के बाद भी नहीं बन पाई है। जानकारी के मुताबिक तुमगांव रोड से तुमाडबरी तक सड़क निर्माण के लिए लगभग 1.36 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिले 9 महीने से ज्यादा हो चुके हैं। बारिश के बाद तुमाडबरी मार्ग पर जगह-जगह गड्ढों पर पानी भर जाने से कीचड़मय हो जाता है। इस मार्ग की भी टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है।

## घटना: बागबाहरा की घटना, लोगों में आक्रोश

## सड़क पार कर रही मासूम को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में सड़क दुर्घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं। लगातार हो रही सडक दुर्घटना और उसमें होने वाली मौत की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। गुरुवार सुबह बागबाहरा के फुलवारी चौक में सड़क पार करते समय एक मासूम को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मासूम बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार से सीमेंट की बोरी लादकर खरियार रोड जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमसी 7433 के चालक खरियार रोड निवासी मुकेश साहू (48) ने राष्ट्रीय राजमार्ग 353 बागबाहरा के फुलवारी चौक पर गुरुवार सुबह करीब 8 बजे सड़क पार कर रही 6 वर्षीय मासूम फुलवारीपारा निवासी दीक्षा गुप्ता को अपनी चपेट में ले लिया जिससे दीक्षा के सिर पर गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सुबह-सुबह हुई इस दर्दनाक सड़क दुर्घटना के बाद एनएच पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और हाईवे पर जाम लग गया। जैसे ही इसकी सूचना पुलिस को मिली उसने मौके पर पहुंच शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेजा और हाईवे को जाम से मुक्त कराया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोध देखने को मिला। इधर घटना के थोड़ी ही देर बाद पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।



### सड़क दुर्घटना में अब तक 217 की मौत

यातायात विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस साल जनवरी 2024 से 15 अक्टूबर 2024 तक जिले में 370 सड़क दुर्घटना में 217 की मौत हो चुकी है वहीं 250 घायल हुए है। केवल जून के एक माह में हिले में कुल 51 सड़क दुर्घटना हुई जिसमें 31 ने अपनी जान गंवाई और 30 लोग घायल हुए है। अगर पिछले दो साल के आंकडों पर नजर डाले तो 2023 में 482 सड़क दुर्घटना में 301 की मौत और 398 घायल हुए। इसी प्रकार 2022 में 457 सडक दुर्घटना में 274 की मौत और 350 घायल हुए है।

### कार्रवाई की मांग





**महासमुंद।** मांझी किसान सैनिकों ने गुरुवार को पूर्व में जिला प्रशासन को अवगत कराई गई अपनी मांगों को पूरा करने की मांग को लेकर एक बार फिर कलेक्टोरेट का घेराव किया। उन्होंने कलेक्टर से मुलाकात कर पूर्व में दिए गए मांग पत्रों के बिंदुओं को पूरा करने की मांग की। इस दौरान डीएफओ पंकज राजपूत भी मौजूद रहे।

### तालाब में तैरता मिला बालक का शव

**महासमुंद।** शहर के बंधवा तालाब में गुरुवार दोपहर एक बालक लाश तैरती पाई गई। तालाब के किनारे एक सायकल और बच्चे के कपड़े भी मिले हैं लेकिन, समाचार लिखे जाने तक बालक की शिनाख्त नही हो पाई थी। लाश मिलने की खबर पाकर बड़ी संख्या में लोग तालाब के किनारे पहुंचे। घटना की जानकारी पुलिस को दिए जाने पश्चात घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की विवेचना में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना दोपहर दो तीन बजे के आसपास की बताई जा रही है। मृतक के साथ अन्य तीन चार दोस्त के साथ तालाब में नहाने के लिए आए थे। कतिपय इस बालक के डूब जाने की घटना के बाद वे घबराकर यहां से भाग गए। पुलिस के द्वारा इस मामले में अधिक जानकारी एकत्रित कर रही है।



- किनारे में मिली सायकल और कपड़े, शिनाख्त नहीं

### चोरी के आरोपी महिला व पुरुष गिरफ्तार

**महासमुंद।** सबमर्सिबल पंप और दुकान में चोरी के मामले में सांकरा पुलिस ने महिला-पुरूष को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पंप और नगद रकम बरामद किया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया राजकुमारी चौहान ग्राम लोहराकोट महासमुंद थाना सांकरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 20 सितंबर को मै अपने मायके बसना चली गयी थी। घर में कोई नही था। करीब 15-20 दिन बाद वापस घर आकर देखने पर पता चला कि घर के सामने बोरवेल में लगा 1 एचपी का सबमर्सिबल मोटर पंप एवं केबल वायर जुमला कीमत 10000 रुपये को कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है कि प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर थाना सांकरा में अपराध धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम के द्वारा एक महिला सत्यभामा चौहान पति सुधु विश्वकर्मा (48 साल) इंदिरा कॉलोनी वार्ड नंबर 01 बसना व अजय चौहान पिता विश्राम चौहान (42 वर्ष) वार्ड नंबर 12 शहीद वीर नारायण सिंह चौक बसना को पुलिस हिरासत में लेकर चोरी के संबंध में पूछताछ की गई। जिस पर आरोपियों ने उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किए और बताया कि ग्राम बल्दीडीह में मोटर पंप केवल वायर व अग्रवाल किराना स्टोर बसना से नगदी रकम 40000 रूपये चोरी करना व चोरी की सामान व पैसा को जोगनीपाली में रखना बताया। पुलिस टीम के द्वारा आरोपियों के कब्जे से मोटर पंप, केवल वायर व अग्रवाल किराना स्टोर बसना से नगदी रकम 9000 रुपए जब्त कर थाना सांकरा में अपराध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड में भेजा है।



## मारपीट के अलग-अलग मामलों में दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** जिले के बलौदा थाना अंतर्गत दो लोगों के खिलाफ अलग-अलग समय में अलग-अलग लोगों से तीन बार मारपीट किए जाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले के विवेचना कर रही है। पहले मामले में प्रार्थी कार्तिको कुमार पिता स्व. सवर्धन कुमार (58 वर्ष) टेमरी ने पुलिस को बताया कि वह 23 अक्टूबर की सुबह धान काटनें भर्राटाल खेत अकेले जा रहा था, जामजुरी तालाब के पास, ग्राम टेमरी में करीबन 8:30 बजे डिलेश्वर बरिहा एवं संतलाल बरिहा उर्फ ढुर्री आए और पुरानी बातों को लेकर गाली गलौज करते हुए दोनों ने एकराय होकर हाथ झापड़ से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिए। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। दूसरे मामले में सुरेश कुमार पिता स्व जयदेव कुमार (35 वर्ष) टेमरी ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर को मैं अपनी पत्नी गौरी कुमार एवं 05 वर्षीय पुत्री को लेकर मोटरसायकल से बलौदा की ओर आ रहा था, करीबन 11 बजे गेर्रा चौक ग्राम गेर्रा में गांव के ही डिलेश्वर बरिहा एवं संतलाल बरिहा उर्फ ढुर्री खड़े थे, जो मुझे देखकर गाली गलौज करने लगे। मेरे मना करने पर दोनों एकराय होकर हाथ झापड़ से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिये। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तीसरे मामले में कामिनी कुमार पति प्रकाश कुमार (24 वर्ष) टेमरी ने पुलिस को बताया कि 03 महीने की गर्भवती हूं। 23 अक्टूबर को मैं अपना ईलाज कराने मेरे चाचा ससुर रोहित कुमार एवं दादी सास चंद्रकांति कुमार के साथ मोटरसायकल से ग्राम टेमरी से जगदीशपुर जा रही थी। दोपहर करीबन 2 बजे गेर्रा चौक के पास गांव के डिलेश्वर बरिहा एवं संतलाल बरिहा ने हम लोगों को देखकर कहां जा रहे हो कहकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर डिलेश्वर बरिहा एवं संतलाल बरिहा ने एकराय होकर हाथ झापड़ से मुझे एवं मेरी दादी सास चंद्रकांति कुमार से मारपीट की। आरोपी डिलेश्वर बरिहा एवं संतलाल बरिहा ने कहा किजो गवाही देगा उसको जान से मार देंगे कहकर धमकी भी दी। इन मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2)- बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### धान खरीदी में गड़बड़ियां रोकने खरीदी केंद्रों में लंबे समय से जमे ऑपरेटर और प्रबंधकों की होगी बदली

**महासमुंद।** जिले में जाड़ामुड़ा, पिरदा सोसायटी में करोड़ों का धान घोटाला के बाद की इस बार प्रशासनिक स्तर पर कसावट लाने की तैयारी की जा रही है। अब तक जिन धान खरीदी केंद्रों में गड़बड़ियां सामने आई है, उनमें प्रबंधक और ऑपरेटर के अलावा अधिकारियों की मिलीभगत रहती है। जिसे देखते हुए इस बार, धान खरीदी की अनियमितता को रोकने के लिए, खरीदी केंद्रों में लंबे समय से जमें ऑपरेटर और प्रबंधकों को हो बदला जाएगा। इनमें खासकर वह खरीदी केंद्र प्राथमिकता में रहेंगे जिनकी लंबे समय से हो रही है। इसके अलावा उन्होंने धान मिलिंग और रकबा को लेकर यदि इस बारकोई गड़बड़ियां सामने आती है, तो सीधे तौर पर अधिकारी जिम्मेदार होंगे, जिन्हें बख्शा नहीं जाएगा। जिले में धान खरीदी का लक्ष्य 12 लाख 45 हजार टन है। छत्तीसगढ़ की साय सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन और कस्टम मिलिंग की नीति को मंजूरी दे दी है। जिले सहित प्रदेशभर में 14 नवंबर से राज्य के किसानों से नगद और लिंकिंग के जरिए धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जो 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। जिले में कुल 182 धान उपार्जन केंद्र हैं। जहां से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान ली जाएगी। इसके लिए बारदाना के 24 हजार गठान मिल गए हैं उपार्जन केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक कांटे से धान खरीदा जाएगा। धान बेचने के किसानों के पास अब 7 दिन का समय हैं। किसान अपना पंजीयन 31अक्टूबर तक करा सकते हैं। किसानों का अपना धान बेचने के लिए नए किसानों को सहकारी समितियों से और टोकन लेना पड़ेगा। एक किसान को तीन टोकन ही मिलेगा। यह टोकन तुहर हाथ नाम से मोबाइल एप से भी ऑनलाइन टोकन लिया जा सकता है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि कि खरीदी केंद्रों में अब तक हुए गड़बड़ी की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाए। गड़बड़ी का अंदेशा होने पर लंबे समय से एक ही जगह पर पदस्थ प्रबंधक व ऑपरेटरों को भी हटाया जाएगा।

### माता परमेश्वरी देवी कन्या छात्रावास गुरुकुल में बना सुव्यवस्थित छात्रावास

## सोनाबेड़ा में छात्रावास भवन का हुआ भव्य लोकार्पण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

माता परमेश्वरी देवी कन्या छात्रावास गुरुकुल सोना बेड़ा जिला नवापारा ओडिशा में कर्मयोगी परिवार मातुश्री काशीबा हरिभाई गोटी चेरीटेबल ट्रस्ट की ओर से 50 लाख रुपए की लागत से भव्य सुव्यवस्थित कन्या छात्रावास एवं भोजनालय भवन 15 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है। इस भवन के लोकार्पण कर्मयोगी परिवार के अध्यक्ष केशु भाई गोटी एवं सहयोगी दाता दयाल भाई वाघाणी की उपस्थिति में स्वामी धर्मानंद के आशीर्वाद से भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुकुल के आचार्य स्वामी व्रतानंद सरस्वती मुख्य अतिथि कालाहांडी सांसद मालविका देवी एवं विधायक राजेंद्र भाई ढोलकिया जिला परिषद अध्यक्ष सहित ग्राम प्रमुख सरपंच आदि उपस्थित रहे। ब्रह्मचारिणियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही इस क्षेत्र के लोगों के लिए यह कार्यक्रम अभूतपूर्व रहा सूरत से आए दाता परिवार ने गुरुकुल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और भविष्य में भी सहयोग देने का वचन दिया। स्वामी दयानंद के भजनों से जनता जनार्दन मंत्र मुग्ध रही। सांसद द्वारा गुरुकुल की प्रशंसा और सहयोग दोनों भाव में झलक रहा था। विधायक यद्यपि गुरुकुल में बहुत सहयोग करते रहते हैं, पर इस दिन कार्यक्रम में आकर के उनके भावों ने एक हमारे परिवार के सदस्य बना दिया। अंत में कन्या गुरुकुल की आचार्य लतायती द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया और सभी आगंतुक अतिथि महानुभावों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था गुरुकुल की ओर से की गई थी। यह गुरुकुल नवापारा जिले के एक अभयारण्य सोनाबेड़ा नामक ग्राम में स्थित है। इस गुरुकुल की स्थापना सन 2004 में स्वामी धर्मानंद द्वारा किया गया था। उसे समय के तत्कालीन कलेक्टर द्वारा इस गुरुकुल की स्थापना की गई थी। आज वर्तमान में इस गुरुकुल पर 115 के लगभग ब्रह्मचारिणी कन्याएं अध्ययन कर रही हैं। प्रातः काल की नियमित दिनचर्या से लेकर शाम तक उनके भविष्य निर्माण की योजना इन वनवासी बच्चियों पर किया जा रहा है। अवश्य यह गुरुकुल एक दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित हो रहा है।







### पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### धार्मिक स्थलों का दर्शन कर लौटे नागरिक

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के वरिष्ठजनों ने माता तुरतुरिया धाम, गिरौधपुरी धाम, छाता पहाड़, शिवरीनारायण धाम पहुंच कर दर्शन किया और क्षेत्र की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान कुमार साहू, कलीराम साहू, तीरथ राम साहू, त्रिलोचन साहू, यादव सर, जनक साहू, चोटी साहू, मेहत्तर मंडल आदि उपस्थित रहे।

### लक्ष्य का राज्य स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा में चयन

**महासमुंद।** जिले की एक मात्र क्रिकेट एकेडमी टर्मिनेटर के खिलाड़ी लक्ष्य चंद्राकर का स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित



शालेय राज्य स्तरीय अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी वर्तमान में मिनी स्टेडियम महासमुंद में संचालित है। लक्ष्य प्रतिदिन एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त करता है। लक्ष्य के चयन पर टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच एवं डायरेक्टर शबाब कुरैशी एवं कोच जमशेद रज़ा ने हर्ष व्यक्त किया। साथ ही टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के समस्त खिलाड़ियों ने लक्ष्य के उज्वल भविष्य की कामना की है। लक्ष्य ईमलीभाठा निवासी संजय चंद्राकर के सुपुत्र हैं।

### सुकुलबाय में मातर महोत्सव 3 से

**महासमुंद।** सिरपुर क्षेत्र के ग्राम सुकुलबाय में दीपावली मातर महोत्सव का आयोजन 03 एवं 04 नवंबर को किया गया है। महोत्सव में कबड्डी प्रतियोगिता, सुआ नृत्य एवं राऊत नाचा कार्यक्रम होंगे।

## आयोजन: कन्या शाला बिरकोनी में साइबर जागरुकता कार्यक्रम

# ऑनलाइन ठगी की दी जानकारी आत्मरक्षा के गुर भी सिखाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में बुधवार को सायबर जागरुकता अभियान, नशामुक्त भारत, आत्मरक्षा के गुर संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सायबर सेल से उप पुलिस अधीक्षक प्रतिभा चंद्रा, महिला सेल प्रभारी प्रधान आरक्षक सुचित्रा विदानी, आरक्षक अन्नू भोई, चित्ररेखा नवरंगे उपस्थित होकर छात्राओं को जागरूक किए।

विद्यालय की शालानायक अलीशा बानो, उपशालानायक शेया टीकेदार, शिक्षक रेणुका चंद्राकर, व्याख्याता श्रवण सिन्हा ने गुलदस्ता भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। सुचित्रा विदानी ने बताया कि मोबाइल से बहुत ज़्यादा ठगी का शिकार हो रहे है, लाइव स्टेट्स नहीं डालना चाहिए, फर्जी धान खरीदी का मैसेज आना, केबीसी का ठगी वाला मैसेज आना, व्हाट्सअप में ठगी, महतारी वंदन के नाम से ठगी का प्रयास, ऑनलाइन खरीददारी में ठगी का प्रयास किया जाना, ओटीपी पूछकर बैंक खातों से पैसे गायब कर देने की जानकारी दी। राष्ट्रीय राजमार्ग में लिखे जाने वाले नंबर 1033 के बारे में जिससे किसी भी प्रकार के बिगड़े वाहन को सुधरवाने के लिए मदद लिया जा सकता है। डॉयल 112 आदि के बारे में भी बताया गया। उपपुलिस अधीक्षक प्रतिभा चंद्रा ने बताया कि मोबाइल का प्रयोग सावधानी से किया जाना चाहिए। फोन चोरी या गुम होने पर तुरंत शिकायत करना चाहिए अन्यथा कोई दूसरा इस से ठगी कर सकता है। फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम का प्रयोग सावधानी से करना चाहिए, मोबाइल गेम की लत नहीं लगानी चाहिए, किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए और न ही किसी को नशा करने देना चाहिए। क्योंकि नशा ही नाश की जड़ है, नशे की लत से हंसता खेलता परिवार बर्बाद हो जाता है। मोबाइल ऐप से छेड़खानी, लड़ाई झगड़े, कमेंट्स आदि की शिकायत कर सकते हैं।

आरक्षक अन्नू भोई ने आत्मरक्षा के बहुत से तरीके बताए सेप्टिक पिन, क्लिप, उंगली का प्रयोग, एकांत में अनहोनी से बचने के लिए सीटी का प्रयोग, मोबाइल गेम का कम से कम उपयोग और मैदान में होने वाले खेल पर ज़्यादा ध्यान देने के लिए गुर सिखाए। आरक्षक चित्ररेखा नवरंगे द्वारा पूरे कार्यक्रम की फ़ोटोग्राफी, वीडियोग्राफी किया गया। इस अवसर पर टीम द्वारा आत्मविश्वास से संबंधित खेल भी करवाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में व्याख्यातागण रागिनी चंद्राकर, अनुपमा मानिकपुरी, संत राम साहू, चित्रसेन साहू, मनहरन लाल भट्ट, निधि अग्रवाल, मनीषा तिर्की, शिक्षक महेंद्र ध्रुव, भानेंद्र सिंह बिसेन, कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, दुलारी और अजय यादव उपस्थित रहे।

# धान खरीदी को लेकर सरकार की नीति व नीयत साफ नहीं:विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**सहकारी कर्मचारियों के आंदोलन से किसानों की बढ़ेगी परेशानी**

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि धान खरीदी को लेकर सरकार की नीति व नीयत साफ नहीं है। एक तो प्रदेश की भाजपा सरकार ने 14 नवंबर से धान खरीदी का निर्णय लेकर धान खरीदी में 14 दिन का विलंब कर दिया। दूसरी ओर समर्थन मूल्य को लेकर सरकार का रूख साफ नहीं है।



पिछले साल 3100 रुपए में धान खरीदी की गई थी। इस बार खरीफ वर्ष में केंद्र सरकार ने समर्थन मूल्य में 117 रुपए की वृद्धि की है। सरकार को नियमतः 3217 रुपए में किसानों से धान खरीदी करनी चाहिए। साथ ही 14 दिन विलंब से धान खरीदी शुरू करने के बदले खरीदी का समय भी 14 दिन आगे बढ़ाना चाहिए। जिससे समस्त किसानों का धान खरीदी की जा सके। चंद्राकर ने कहा कि सरकार को किसानों को कोई चिंता नहीं है। धान खरीदी में प्रमुख योगदान देने वाले सहकारी समिति के कर्मचारियों को पिछले कई माह से वेतन नहीं मिला है। जिससे वे नाराज हैं, भारत का सबसे बड़ा पर्व दीपावली में सहकारी समिति कर्मचारियों की जेब खाली है। नाराज कर्मचारियों द्वारा 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी गई है। जिसका प्रभाव धान खरीदी पर पड़ेगा। समिति कर्मचारियों के आंदोलन से किसानों की धान खरीदी नहीं हो पाएगी। महासमुंद जिले में 182 सहकारी समितियों के माध्यम से धान खरीदी की जाती है। जिसमें 700 से अधिक कर्मचारी सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्य को तन-मन से सफल बनाते हैं। लेकिन, सरकार द्वारा इनका ख्याल नहीं रखा जा रहा है। जिले के कई समितियों के कर्मचारियों को 8 माह से तो कई समितियों के कर्मचारियों को 4 माह से वेतन नहीं मिल पाया है। चंद्राकर ने कहा कि इन कर्मचारियों द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अलावा उचित मूल्य की दुकान, शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण वितरण, केसीसी वितरण, खाद-बीज, दवाई वितरण जैसे कार्यों को को संपादित किया जाता है। सहकारी समिति किसान व शासन के बीच का प्रमुख कड़ी है। इस प्रमुख संस्था में कार्यरत कर्मचारियों की परेशानियों को सरकार द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। इस नाराजगी का असर किसानों की धान खरीदी पर पड़ेगा। किसान नाहक परेशान होंगे। सरकार की अकर्मण्यता व लापरवाहीपूर्वक कार्यप्रणाली से धान खरीदी में अव्यवस्था व बाधा उत्पन्न होगा। सरकार की इस कार्यप्रणाली से स्पष्ट हो रहा है कि धान खरीदी की व्यवस्थाओं को लेकर सरकार गंभीर नहीं है।

# भलेसर के भागवत ने किया नेट क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम भलेसर के मजदूर पिता सदाराम सिन्हा के पुत्र भागवत सिन्हा ने हिंदी विषय में यूजीसी नेट परीक्षा 92 प्रतिशत के साथ क्वालीफाई किया है। भागवत ने शासकीय कुलदीप निगम उच्च माध्यमिक विद्यालय नर्रा से बारहवीं में 92 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण किया तथा स्नातक अध्यापन महासमुंद के विज्ञान महाविद्यालय में करते हुए उन्हें इंस्पायर छात्रवृति प्राप्त हुई। इसके बाद उन्होंने एमए हिंदी विषय में उत्तीर्ण की। भागवत के हुनर को पहचान कर क्षेत्र के युवा अधिकारी सचित साहू मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने उनके आगे की पढ़ाई का जिम्मा उठाया। यूजीसी नेट परीक्षा क्वालीफाई करने वाले भागवत अंचल के पहले छात्र हैं।



# छात्रों ने लगाई हटरी, सामान बेचकर मिले पैसों को रखेंगे गुल्लक में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्राथमिक शाला सलिहाभांठा के छात्रों ने बाजार हटरी लगाई। सामान बेचकर मिले पैसों को बच्चे गुल्लक में रखेंगे। बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ स्वयं से तैयारी करते हुए सामानों की व्यवस्था कर हटरी में बेचा। संस्था के प्रधानपाठक योगेश निर्मलकर के मार्गदर्शन में शाला के सभी बच्चों ने हटरी में अपना-अपना दुकान लगाया। कुछ बच्चों ने समूह में तो कुछ ने अकेले ही अपना दुकान सजाया था। इसमें बच्चों द्वारा अपने बाड़ी की सब्जी, आलू-प्याज, आंवला, मूंगफली, गुपचुप, भेल, भजिया, लड्डू, बिस्किट, नड्डा आदि का दुकान लगाए थे। गाँव के लोगों ने इस हटरी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जमकर खरीददारी की। बच्चों की मेहनत से एकत्रित देशी करेला, खेक्सी, आंवला जल्द ही बिक गया। खाने वाले दुकान के पास लोगों की ज्यादा भीड़ रही। बच्चों की दुकानों से पूरा सामान बिक जाने के बाद भी गांव के लोगों का इस हटरी में आना जारी रहा। लोग बड़े ही उत्साह के साथ बच्चों के साथ मोलभाव करते दिखे। कुछ पालक बच्चों की मदद भी करते देखे गए। बच्चे भी मजे के साथ हिसाब-किताब में जुड़े रहे।



**अपनी मेहनत का फल पाकर खुश दिखे बच्चे**

लोगों ने बच्चों से सामान खरीदने में अधिक पैसों की भी परवाह नहीं किए। हटरी के समापन पर बच्चे अपनी मेहनत का फल पाकर बड़े खुश लग रहे थे। साथ ही पालक भी अपने बच्चों की इस तन्मयता को देखकर काफी उत्साहित और गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। बच्चों ने बताया कि अपनी कमाई को वे गुल्लक में जमा कर बचत करेंगे। सभी ने इस आयोजन की खूब सराहना किए और इस तरह के नवाचार आगे करते रहने की बच्चों को प्रोत्साहित किए। इस हटरी को सफल बनाने में शिक्षिका पुष्पलता पटेल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पिरीत राम साहू, बिसनी बाई दीवान, हेमलता ध्रुव, सुकदेव दीवान, घांसु राम दीवान, भोजराम साहू, पंचराम ध्रुव, घनश्याम ध्रुव, लगन बाई ध्रुव के साथ ही पालकों एवं गांव के लोगों का भरपूर सहयोग रहा

## महाविद्यालय में मनाया गया जनजाति गौरव सप्ताह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

नवीन शासकीय महाविधालय भवरपुर में प्राचार्य डॉ. एसके साव के निर्देशन एवं सहायक प्राध्यापक एसके पटेल के मार्गदर्शन में जनजाति गौरव सप्ताह दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय गीत से किया गया। तत्पश्चात स्वागत उद्बोधन हुआ। एसके पटेल ने जनजातियों के गौरवशाली इतिहास समृद्ध संस्कृति एवं परंपरा पर प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बिरसा मुंडा से भगवान बिरसामुंडा होने तक के सफर पर अपने गंभीर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर हेरोद तिग्गा व्याख्याता समाजशास्त्र ने छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र नारायण सिंह के वीरनारायण बनने तक के सफर पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय में रंगोली पोस्टर, भाषण, निबंध लोकनृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए महाविद्यालय के प्राध्यापकगण कृष्णकांत ठाकर, गजराज नायक, डॉ. रमीज दानी, रितेश नायक, धनुर्जय पटेल, दीपक राठौर आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल के छात्रों ने किया साइंस सिटी का एक्सपोजर विजिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा के मानक ब्यूरो के मानक क्लब के चयनित 25 सदस्यों ने एक्सपोजर विजिट इंडस्ट्रीज साईंस पार्क का किया। क्लब के सदस्यों ने साइंस पार्क में विज्ञान से संबधित विभिन्न प्रकार के माडल, छत्तीसगढ़ के संसाधनों से संबंधित जानकारी, ब्रम्हांड से संबंधित पिक्चर, थ्री डी शो जरनी टू स्पेस, जल बचाव से संबंधित प्रस्तुतीकरण एवं विज्ञान से संबंधित माडल को देखा। छात्र जो पुस्तक में पढ़ते हैं, उनसे संबंधित माडल को देखकर छात्र बहुत ही प्रभावित हुए। एक्सपोजर विजिट के लिए मानक ब्यूरो द्वारा बस एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। छात्रों के गाइड शिक्षक के रूप में मितेश शर्मा, विकास यादव, शिवा कोटेश्वरम्मा मेकला, आकांक्षा भोई ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। संस्था के प्राचार्य अमी रूफस एवं प्रमोद कुमार कन्नौजे, जीआर टांडेकर, ऋतुराज देवांगन ने मानक ब्यूरो के सचिन कुमार एसपीओ को संस्था के छात्रों को एक्सपोलर विजिट के लिए चयनित करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है।




# सावित्रीपुर स्कूल के छात्रों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में साइबर क्राइम को लेकर साइबर जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके जानने के लिए करीब 500 स्कूली बच्चों और ग्रामवासियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सांकरा थाना टीआई राणा सिंह ठाकुर ने स्कूली छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे में हमें सावधान रहने की आवश्यकता है। साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए हमें किसी भी ऑनलाइन प्रलोभन में नहीं आना चाहिए। इस अवसर पर सांकरा थाना के टीआई एवं उनके टीम, सावित्रीपुर सरपंच, एसएमडीसी के अध्यक्ष, सदस्य, गांव के गणमान्य नागरिक और प्राइमरी, मिडिल, हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त शिक्षक मौजूद रहे।



# काव्य संग्रह विरासत का हुआ विमोचन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में सांस्कृतिक एवं संगीत से जुड़े परिवार के रूप में अपनी पहचान रखने वाले रहाटगांवकर परिवार द्वारा तैयार काव्य संग्रह विरासत का विमोचन राजधानी के महाराष्ट्र मंडल भवन में किया गया। इस काव्य संग्रह में परिवार की तीन पीढ़ियों स्व. वसंत रहाटगांवकर, विवेक रहाटगांवकर, विभास एवं सारंग रहाटगांवकर द्वारा लिखित कविताएं शामिल हैं। इस अवसर पर साहित्यकार ईश्वर शर्मा, हुकूमचंद शर्मा, नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी गुमानचंद जैन ने काव्य संग्रह विरासत पर सारगर्भित विचार रखे। वहीं सेवानिवृत्त प्राध्यापक अब्दुल करीम घोंघी ने अपने पिता स्व.लतीफ घोंघी तथा स्व.वसंत रहाटगांवकर की स्मृतियों से कार्यक्रम को जोड़ा। इस अवसर पर विवेक रहटगांवकर तथा विभास ने अपनी कविताओं का पाठ किया। वहीं सारंग रहाटगांवकर लंदन में होने के कारण कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़कर काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध गज़ल गायिका तथा परिवार की पुत्री साधना रहाटगांवकर ने किया तथा अपने पिता स्व. वसंत रहाटगांवकर की रचनाओं का पाठ किया। आभार प्रदर्शन सुनीता वैद्य ने किया। इस अवसर पर परिवार के सदस्य तथा निकटतम मित्र उपस्थित थे।



## अल्पसंख्यक प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह हुआ

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा शैक्षणिक सम्मेलन एवं अल्पसंख्यक प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद के सभागार में सफलतापूर्वक हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सचिव एमआर खान, जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत, सहायक संचालक एनके सिन्हा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, जिला प्रशासन से नायब तहसीलदार मोहित आमिल, और जिला उर्दू प्रभारी शेख राशिद कुरैशी उपस्थित थे। सम्मेलन में विशेष रूप से आमंत्रित पुष्पेंद्र कश्यप ने विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस प्रदान किया, जिससे छात्रों को उनके भविष्य की योजनाओं को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। यह समारोह उन विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित किया गया था, जिन्होंने अकादमिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। संपूर्ण कार्यक्रम के प्रभारी जिला उर्दू प्रभारी शेख रशिद कुरैशी थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में महासमुंद द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन 23 अक्टूबर को सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल रायपुर में किया गया। जिसमें रायपुर संभाग अंतर्गत धमतरी, बलौदाबाजार, महासमुंद, रायपुर एवं गरियाबंद जिलों की प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में सराहनीय प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में रायपुर प्रथम एवं महासमुंद जिले को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त संचालक राकेश पांडेय, सहायक आयुक्त सरिता तिवारी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर संभाग आयुक्त एचडी कावरे रहे। विशिष्ट अतिथि उपसंचालक एस ध्रुव एवं जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद मोहन राव सावंत रहे। विधानसभा के पूर्व सचिव निर्णायक के रूप में इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। महासमुंद जिले में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में महासमुंद विकासखंड प्रथम रहा था। जिसमें फलस्वरुप उन्होंने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले की ओर से कुल 42 छात्र-छात्राओं एवं 5 प्रभारी शिक्षकों ने प्रतिनिधित्व किया। जिसमें संजय कुमार मांझी, खोमल लाल चंद्राकर, छाया रंगारी, बेला मारू, शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद एवं भरतलाल कैवर्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुनगासेर से शामिल रहे।




इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, सहायक संचालक सतीश कुमार नायर, नंदकिशोर सिन्हा, प्राचार्य आशी बाई गोलछा जीआर सिन्हा, विमल कुमार मन्नाडे, तोषण गिरी गोस्वामी, विवेक राहटगांवकर, ज्योति किरण चंद्राकर,आशीष देवांगन, पूजा साहू, आयशा लतीफ, विद्या साहू, नेहा चंद्राकर,एवं परिवार ने विजयी छात्र-छात्राओं को संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने के लिए हर्ष जताया है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर

होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.